# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



Follow Us On @Sahelijewellers

FIRST AND BIGGEST

Designer Jewellery Showroom

सहेली ज्वेलर्स

RAIPUR

5 लाख से भी अधिक सम्माननीय परिवारों के विश्वास के लिए

धन्यवाद छत्तीसगढ़

3rd ANNIVERSARY के

शानदार सात दिन

आपके सहयोग और विश्वास से हमारी यह रायपुर शोरूम की यात्रा सम्भव हुई है। आपका स्नेह और उपस्थिति हमारे लिए सम्मान का विषय होगी।

16th से 22nd नवम्बर

सिर्फ 3% मेकिंग चार्ज

16th नवम्बर 7.00 AM TO 09.00 AM

केवल रायपुर शोरूम

सिर्फ 4% मेकिंग चार्ज

16th नवम्बर 9.00 AM TO 12.00 PM

केवल रायपुर शोरूम

फ्लैट 50% OFF

मेकिंग चार्ज

16 नवम्बर, दोपहर 12:01 बजे से

रायपुर और दुर्ग शोरूम

सभी 22 कैरेट गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.

CREATIVE HUB ADVERTISING

*T&C Apply

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | किसी भी ज्वेलर्स से खरीदी हुई पुरानी गोल्ड ज्वेलरी पर पाएँ 100% वैल्यू | SUNDAY OPEN

**खबर संक्षेप**



## जहरीले पदार्थ के सेवन से 13 बकरियों की मौत

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी बकरी पालक प्रेमलाल मेहर ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि वह अपने बकरी को चराने के लिए रोज की तरह नेशनल हाइवे राज फ्यूल्स के आगे 14 नवंबर शुक्रवार को दोपहर गया। चारा चरते हुए अचानक किसी जहरीली चीज सेवन कर, दर्द होने के कारण मौके पर 13 बकरियों की मौत हो गई। चरवाहे ने बताया कि कुल 42 बकरी चराने के लिए ले गया था। जिसमें से 29 बकरी अलग झुंड में होने के कारण उन्हें तुरंत दूसरी जगह ले गया। प्रेमलाल मेहर ने बताया कि मेरे बड़े भाई कुशा मेहर मुझे बकरी चराने के लिए दिया था। उन्होंने बताया कि बकरी पालक ही मुख्य व्यवसाय हैं। उसी से परिवार का गुजारा होता है। जिसमें 13 बकरियों के मृत्यु होने के कारण भारी नुकसान हुआ। 13 बकरियों के ज़हरीली सेवन से हुए मृत्यु के जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क आपरेशन शिविर आज

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल महासमुंद में निःशुल्क किडनी व पथरी ऑपरेशन शिविर का आयोजन 16 नवंबर रविवार को किया गया है। जिसमें डॉक्टर आकाश अग्रवाल अपनी सेवा देंगे। जिसमें किडनी से जुड़ी सभी प्रकार के परामर्श निःशुल्क होंगे। इसमें यूरोलॉजिस्ट से परामर्श के लक्षण लक्षण, बार-बार पेशाब आना या पेशाब रोक न पाना, पेशाब में जलन या दर्द होना, पेशाब में खून आना, पथरी या स्टोन की समस्या, पेशाब का प्रवाह कमजोर होना, रात में बार-बार पेशाब होना, मूत्र मार्ग में संक्रमण की जांच की जाएगी।



## नुआपाड़ा उपचुनाव में जय की ऐतिहासिक जीत

**नर्रा।** ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार जय ढोलकिया ने रिकार्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज की है। शुरूआती राउंड से ही उन्होंने जबरदस्त बढ़त बनाई। मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। विजेता उम्मीदवार जय ढोलकिया पिता स्व राजेंद्र ढ़ोलकिया को कुल 1,23,869 वोट मिले। जीत का अंतर 83,748 मत का रहा।

## मोहन लाल ध्रुव का निधन

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा निवासी



मोहन लाल ध्रुव (84) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 नवंबर को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें सामाजिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें। वे करण सिंह ध्रुव, शिव ध्रुव, ढाल सिंह ध्रुव (पंच) एवं दिनेश ध्रुव (बिजली मिस्त्री) के पिता एवं गोपाल ध्रुव, मिलेश ध्रुव, तरुण ध्रुव, हर्ष कुमार, मोंटू के दादा थे।

# दर्राभाठा स्कूल में एफएलएन मेला एवं बाल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



शासकीय प्राथमिक शाला दर्राभाठा में मेला तथा बाल दिवस का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना तथा बाल दिवस पर बच्चों को खुशी, प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देना रहा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत, शाला द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर एवं आवश्यक अध्ययन सामग्री वितरित की गई। शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष ने अपनी ओर से कलम व पेंशिल व पालक राजू बंछोर ने टॉफी का वितरण किया। इससे बच्चों में सीखने की उत्सुकता बढ़ी एवं नियमित अध्ययन के प्रति प्रेरणा मिली। पंचायत प्रतिनिधियों ने सतत शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम को प्रधानपाठक हृदयराम साव, सरपंच भूमिसुता देहरी, सचिव सरोजनी मिश्रा, उपसरपंच जितेंद्र पटेल, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष किशोर कुमार, पंच सुशीला कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीमा चंद्रवंशी, धनेश बटकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रिबिका कुमार ने संबोधित किया। शाला में आयोजित एफएलएन मेले में बच्चों द्वारा भाषा कौशल, गणित, अंग्रेजी विषय पर आधारित अवधारणा का प्रदर्शन किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां रहीं, जिनमें छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को साड़ी प्रदान कर उनके अमूल्य योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। ग्राम पंचायत एवं विद्यालय प्रबंध समिति ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रारंभिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में शिक्षकों और आंगनबाड़ी कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने कहा कि एफएलएन मेले जैसे कार्यक्रम बच्चों में कौशल विकास, सीखने की गति और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। बाल दिवस पर बच्चों को शिक्षा, संस्कार और सुरक्षा देने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पंच द्रोपति बंछोर, कल्याणी नाग, कुंती नंद, रमिला विभार, जानकी कुमार, चंपा कुमार, विद्याधर कुमार, रोहित बंछोर सहित पालकगण उपस्थित थे। विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत, अभिभावकों एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा। अंत में बच्चों को विशेष रूप से खीर जलेबी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन शिक्षक जयंत बारीक ने किया।



## प्राथमिक शाला गुरु घासीदास में मनाया बाल दिवस

**महासमुंद।** स्थानीय प्राथमिक शाला गुरु घासीदास में बड़े हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों को समर्पित यह कार्यक्रम उत्साह और उमंग से भरा रहा। इस अवसर पर, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला गुरु घासीदास के शिक्षक केशव साहू और विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालक (अभिभावक) मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बेलदार ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें देश का उज्ज्वल भविष्य बताते हुए खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।



## महेंद्र के विजयी होने से हर्ष की लहर

**बसना।** तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में हिरवानी कुल के युवा प्रतिनिधि महेंद्र साव ने जीत दर्ज कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। उनके विजयी होने पर पूरे हिरवानी परिवार एवं समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत-अभिनंदन किया। समाजजन ने महेंद्र साव को नवदायित्व पर शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे समाज की प्रगति एवं एकता के लिए तत्परता से कार्य करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कर्मा माता से नव-निर्वाचित अध्यक्ष के लिए दया-दृष्टि और आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। समाज के वरिष्ठ सहयोगी पंकज साव सहित अन्य गणमान्यों ने भी महेंद्र साव की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। नए अध्यक्ष को लेकर समाजजन में सकारात्मक उम्मीदें और उत्साह देखने को मिला।



## कराते खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** चिल्ड्रंस डे पर पुलिस विभाग की ओर से नीलकंठ इंटरनेशनल कराते स्कूल के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर जगह हर समय उपलब्ध नहीं हो सकते और ना ही आप हर जगह हथियार लेकर घूम सकते हैं, इसलिए सभी को अपनी सुरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए। खासतौर पर लड़कियों को तो जरूर सिखना चाहिए। ताकि, अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। इस अवसर पर इन्टरनेशनल और वर्ल्ड लेवल की प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम से सर्वाधिक मेडल जीत कर महासमुंद सहित देश का मान बढ़ाने पर कराते मास्टर नीलकंठ साहू, लेडी ट्रेनर खुशी साहू, मास्टर शेखर साहू और उनकी पूरी टीम के कार्यों सराहा।

## निरस्त राशन कार्ड की सही जांच की मांग, वास्तविक हितग्राही राशन से हो रहे हैं वंचित

**सरायपाली।** शासन द्वारा राशन कार्डों की जांच कर कई राशन कार्ड निरस्त





किये जा रहे हैं, जिसमें वास्तविक हितग्राहियों के राशन कार्ड निरस्त हो जाने की बात कहते हुए शहर के वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद विकास सिंह एवं वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद चारूलता अजय सिंह द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन देकर उक्त राशन कार्डों को निरस्त नहीं करने की मांग की गई है। साथ ही निर्धन परिवारों को पीएम आवास का लाभ दिये जाने की मांग उनके द्वारा की गई है। पार्षद द्वय ने एसडीएम को दिये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि इन दिनों शासन के द्वारा राशन कार्डों को निरस्त किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों के राशन कार्ड भी निरस्त हो गए हैं। इसके कारण उन गरीब परिवारों के समक्ष भीषण आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि शासन के द्वारा उन परिवारों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं, जिसका 5 एकड़ से अधिक जमीन है या जिसका 6 लाख रुपए सालाना आमदनी है और आयकर दाता है और जिसका नाम किसी अन्य राज्य के राशन कार्ड में जुड़ा हुआ है। लेकिन, इसमें एक त्रुटि बताते हुए उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से संबंधित जो भी सदस्य उस दायरे में आता है, केवल उसका नाम काटा जाना चाहिए, परंतु पूरा राशनकार्ड ही निरस्त कर दिया जा रहा है, जो कि सही नहीं है। यदि किसी भी राशनकार्ड में मुखिया के पुत्र-पुत्री या कोई भी सदस्य उस दायरे में है, इससे यह साबित नहीं हो जाता कि वह पूरे परिवार का पालन पोषण कर रहा होगा। पार्षदद्वय ने ऐसे राशन कार्डों को निरस्त ना करके सही जांच करने और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों का भी राशन कार्ड निरस्त ना किये जाने की मांग की है।

# रोहिना स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



शासकीय हाई स्कूल रोहिना में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाल केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह के मुख्य अतिथि शाला नायक खुशबू यादव थीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उपशाला नायक प्रताप सागर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांस्कृतिक सचिव दिव्या राणा, स्वास्थ्य सचिव काजल यादव, स्वच्छता सचिव कमल चौहान, क्रीड़ा सचिव सुमित यादव एवं इको क्लब सचिव संदीप सेठ थे।

सर्वप्रथम मां भारती एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के तैल्य चित्र के समक्ष कर पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात छात्रों के लिये मनोरंजन पूर्ण खेलों का आयोजन रखा गया। बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या और खुशबू तथा काजल एवं तीजकुमारी, द्वितीय स्थान कामना एवं जसमोती रही। गुब्बारा फोड़ो प्रतियोगिता में प्रथम गीता, द्वितीय सुमित एवं तृतीय दिव्या राणा, बाल्टी बॉल प्रतियोगिता में प्रथम सुमित यादव, द्वितीय राहुल, तृतीय संदीप, गुब्बारा दौड़ में प्रथम धनेश निलेश, द्वितीय प्रदीप अभय, तृतीय चंदन शिवा, राम बोलो कितने प्रतियोगिता में प्रथम संदीप, द्वितीय सुमित, तृतीय अभय, प्लेट दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम प्रताप, द्वितीय संदीप, गंध से वस्तु पहचानो प्रतियोगिता में प्रथम अजय, द्वितीय कमल, तृतीय संदीप रहा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को कापी पेन देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्रों को शिक्षक उस्ताद अली द्वारा निःशुल्क टाई प्रदान किया गया तथा बच्चों को नेवता भोज कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, केके साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि उपस्थित थे।

# एसआईआर में बूथवार बीएलओ के नाम नंबर सार्वजनिक करें आयोगः आलोक

### जागरुकता एवं पारदर्शिता के लिए लाउडस्पीकर से प्रचार भी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने एसआईआर के कार्य में नियुक्त बूथवार बीएलओ की सूची सार्वजनिक कर बूथों में उनके नाम पदनाम और मोबाइल नंबर चस्पा करने के साथ-साथ राजनीतिक दलों को उनकी सूची उपलब्ध कराने एवं बी एल ओ को निर्वाचन कार्य के दौरान आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र लगाने का आदेश जारी करने की मांग की है।

चंद्राकर ने कहा की स्वस्थ लोकतंत्र के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची आवश्यक है। चुनाव के समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य किया जाता है। किंतु, वर्तमान समय में प्रदेश में चुनाव के लिए 3 वर्ष का समय है, ऐसी स्थिति में आम जनता मतदाता सूची के इस विशेष पुनरीक्षण से अनिभिज्ञ भी हैं। ऐसी



दशा में उन्हें जागरूक करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदाता सूची में पुनरीक्षण व एसआईआर के संबंध में नगर कस्बों में प्रचार प्रसार लाउडस्पीकर पोस्टर फ्लेक्स के माध्यम से जानकारी दिया जाना आवश्यक है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में धान कटाई में लोग व्यस्त हैं, ऐसी दशा में यदि बीएलओ उनके घर जाते हैं तो उनके नहीं मिलने की दशा में वे बीएलओ से संपर्क कर इस कार्य में सहभागी हो सके और राजनीतिक दल को बीएलओ के नाम नंबर की सूची उपलब्ध कराने से उनके सक्रिय सजग कार्यकर्ता स्वस्थ लोकतंत्र के इस कार्य में सहभागी होंगे। जिससे मतदाता सूची में त्रुटि की संभावना कम होगी। वहीं मतदाताओं के नाम विलोपित भी नहीं होंगे। बीएलओ जब डोर टू डोर जाएं तो आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र लगाए, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न ना हो और कार्य निर्विवाद रूप से सम्पन्न हो।

# कलयुग में भागवत कथा ही जीवन का सार : सुरेंद्र

**महासमुंद।** शहर के डॉ. तिवारी विल्डिंग के सामने स्थित वार्ड नं. 16 में गुप्ता परिवार द्वारा दिवंगत परिजनों स्व. रामकुमार गुप्ता, स्व. रविकांत गुप्ता एवं स्व. अनिवाश गुप्ता की पुण्य स्मृति में 7 नवंबर से 14 नवंबर तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। वार्डवासियों एवं नगरवासियों ने इस कथामृत का रसपान किया।

कथावाचक श्रीधाम वृंदावन (कवर्धा) के वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास ने कथा स्थल में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि अपने 24 घंटे के समय में कम से कम 30 मिनट भगवान की सेवा के लिए अवश्य निकालें। यह आध्यात्मिक साधना मनुष्य के मन, विचार और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। कलयुग में लोग अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में भागवत कथा अमृत का श्रवण और सत्कर्म व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाते हैं।

वैष्णवाचार्य ने यह भी कहा कि



इंसान की सच्चे मन से गौ सेवा, ज्ञान सेवा और गंगा सेवा करें तो जीवन में आने वाली परेशानियों, बाचियां समाप्त होते जायेंगी। उन्होंने कहा कि आज कलयुग के प्रभाव से घर-घर में प्रभु राम बांके बिहारी के आदर्श जीवन चरित्र एवं धार्मिक पौराणिक कथाओं के अनुसार वर्णित अंशों को अपने जीवन में उतारते हुए आत्मसात करने की नितांत आवश्यकता है। यही भागवत कथा का मूल सार है।

हाल ही में दिल्ली में हुए कथित आतंकी हमले की निंदा करते हुए आचार्य ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि में पड़ोसी दुश्मन देश के द्वारा निरंतर अराजकता फैलाई जा रही है। घटना कि निंदा करते हुए उन्होनें पीएम मोदी से आग्रह किया कि घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं समस्त जनप्रतिनिधियों से उन्होनें आग्रह है कि गौवंश के संवर्धन, गौशाला के उत्तरोत्तर विकास सहित धर्म जागरण, राम वन गमन पथ, छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम तीर्थ, ऐतिहासिक महत्व की नगरी सिरपुर, छत्तीसगढ़ के खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव, पहाड़ों में बसी माता बम्लेश्वरी, बस्तर में मां दंतेश्वरी, रतनपुर की मां महामाया, चंद्रपुर की चंद्रहासिनी एवं चंदखुरी में राम के ननिहाल, माता कौशल्या मंदिर को सर्वसुविधा युक्त बनाते हुए धर्म से सभी छत्तीसगढ़ वासियों को जोड़कर, जनहित में कार्य करते रहे।

# किड्स एजुकेशनल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में शुक्रवार को बाल दिवस उत्साह, उमंग और विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ भव्य रूप से मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बच्चों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बाल-प्रेम, अनुशासन और आदर्शों को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर आरके दास के नेतृत्व में पं. जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद केक काटकर बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने तालियों की गूंज के बीच 'चाचा नेहरू' के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम को आकर्षक और





मनोरंजक बनाने के लिए विद्यालय में कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। मनमोहन डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वास्थ्य के संदेश के साथ आकर्षक और स्वादिष्ट सलाद तैयार किए। वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सबसे बड़ा आकर्षण रही, जिसमें बच्चों ने डॉक्टर, सैनिक, वैज्ञानिक, किसान, नर्स, स्वतंत्रता सेनानी और परीकथाओं के पात्र बनकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राचार्य भगवती जगत, उप प्राचार्य नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नू निशा, वसुधा साव, सबनम जौहरी, आरती नाग, दीपिका साव, परमानंद पटेल, गणेश सिदार, प्रशांत देवता एवं पालकगण की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास ही संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। अंत में सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पूरे दिन विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और रंगीन गतिविधियों से खिल उठा।

**न्यायालय तहसीलदार बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक / 240/क/ वाचक / तह. / 2025

बसना, दिनांक 11/11/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक रामनारायण पिता सीताराम जाति अग्रवाल निवासी सराईपाली, कास्तकार ग्राम बन्सुला के द्वारा ग्राम बन्सुला, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. व तहसील बसना जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित पुराना ख.न. 212 का टुकडा रकबा 0.033 हे. वर्तमान ख.न. 681 रकबा 0.033 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 01/03/1983 को विक्रेता चंदन तथा हरि पिसरान भागीरथी जाति तेली निवासी ग्राम बंसुला से क्रय किया था। उक्त भूमि का नामान्तरण नहीं हो पाया है। अतः उक्त भूमि का नामान्तण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक के आवेदन अनुसार ग्राम बंसुला में स्थित भूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने से जिस किसी संस्था / व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27.11.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)

**तहसीलदार**
**बसना**

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 उद्घाटन के सात साल बाद भी नहीं खुला कनिष्ठ यंत्री...



04 वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक





## खबर संक्षेप

### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मेमरा में एक व्यक्ति के साथ उसके बड़े भाई ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रघुनाथ साहू निवासी ग्राम मेमरा डीपापारा ने बताया कि हम लोग 02 भाई हैं। बडा भाई लोकनाथ साहू है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 5 साल पूर्व से वह अपने परिवार के साथ ग्राम रामपुर में रह रहा था। करीब डेढ़ माह पूर्व अपने पुराने घर मेमरा डीपापारा में आकर रहने लगा था। 13 नवंबर की शाम करीब 4.30 बजे उसका बडा भाई लोकनाथ साहू सोनामुंदी कोमाखान से घर ग्राम मेमरा डीपापारा आया और कहने लगा कि यहां क्यों आये हो तुम्हारा यहां कोई जगह नहीं है। आरोपी ने गाली गलौज करते हुए प्रार्थी को किसी ठोस वस्तु से बांये माथे में मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### क्रेन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** सब्जी लेकर पैदल आ रहे एक व्यक्ति को क्रेन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने मे अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को महलपारा निवासी अजय यादव ने बताया कि 13 नवंबर को उसका चचेरा भाई संतोष यादव सब्जी मार्केट सरायपाली गया था। शाम करीब 04.20 बजे वह सब्जी मार्केट सरायपाली की ओर से पैदल आ रहा था, तभी पदमपुर रोड दुर्गा मंदिर के पास कुटेला चौक की ओर से आ रहे क्रेन वाहन क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 5113 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर उसके चचेरे भाई संतोष यादव को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे संतोष के सिर व शरीर में चोट लगी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रार्थी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा एवं संतोष को शासकीय अस्पताल सरायपाली चेकअप के लिए ले जाया गया। जहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मरम्मत कार्य : शहरवासियों को दूसरे दिन भी नहीं हुई जलापूर्ति

# जिन इलाकों में नहीं पहुंचा पानी वहां टैंकर से की गई आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**मुख्य पाइपलाईन की मरम्मत के चलते दूसरे दिन भी फिल्टर प्लांट से शहरवासियों को नहीं मिला पानी**

शहरवासियों को दूसरे दिन भी पानी की आपूर्ति नहीं हुई। फिल्टर प्लांट बेलसोंडा में मुख्य पाइपलाइन के सुधार कार्य के चलते गुरुवार शाम के साथ शुक्रवार को भी दोनों टाइम पानी नहीं मिला। इससे शहर के आधे से ज्यादा वार्ड प्रभावित रहे।

पालिका प्रशासन द्वारा दो दिन पहले ही इस बात से लोगों को अवगत करा दिया था लेकिन, लगातार दो दिन तक पानी नही मिलने के चलते शुक्रवार को लोग पानी के लिए तरसे। ऐसे शहरवासी जो केवल नल के भरोसे निस्तार करते हैं वे पानी का इंतजार करते रहे। पाइप लाइन की मरम्मत के चलते 14 नवंबर शुक्रवार को सुबह एवं शाम को जलापूर्ति बाधित रही। मौहारीभांठा पानी टंकी व नया रावण भाठा पानी टंकी क्षेत्र की जलापूर्ति यथावत रहेगी। दोनों टंकियों को मोटर पंपों से भरे जाते हैं इसलिए इस टंकी से होने वाले आपूर्ति क्षेत्र में ज्यादा समस्या पेश नही आई। लेकिन, फिल्टर प्लांट से भरी जाने वाली टंकियों के आपूर्ति क्षेत्र में लोग पानी की समस्या से दो-चार होते रहे।



### एक करोड़ लीटर की सप्लाई

शहर में प्रतिदिन एक करोड़ लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। शहर में वर्तमान में पांच पानी टंकियां हैं। इन पांच पानी टंकी में फिल्टर प्लांट से पानी आता है और दो टंकी मोटर पंप के माध्यम से भरा जाता है। गर्मी के सीजन में लगभग डेढ़ करोड़ लीटर पानी की खपत होती है। पानी की सप्लाई नहीं होने से वार्डवासी परेशान हो सकते हैं।

### पाइप लाइन की सफाई

बेलसोंडा फिल्टर प्लांट से शहर तक आने वाली मुख्य पाइप लाइन में सुधार की आवश्यकता के चलते दो दिन पहले पालिका ने सचेत किया था कि सुधार कार्य के चलते गुरुवार और शुक्रवार को आपूर्ति बाधित रहेगी। तकनीकी कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त हिस्से को बदलने और लाइन की सफाई का काम किया, जिसके कारण दिनभर जलापूर्ति रोकी गई।

नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक और 14-15 वार्ड भी प्रभावित रहा। शुक्रवार को भी केवल मौहारी भांठा और नया रावणभांठा में ही पानी की सप्लाई हो पाई। नगर पालिका के जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार ने बताया कि अत्यधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति व्यवस्था पालिका द्वारा की गई थी। मुख्य पाईप लाईन का सुधार कार्य पूरा हो चुका है। शनिवार से पूरी व्यवस्था सुचारु रहेगी।

सीएमओ अशोक सलामे एवं जल विभाग के प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार की मानें तो पाइप लाइन की मरम्मत आवश्यक थी। ताकि भविष्य में बड़ी समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद जताया।

### शहर में 8 हजार कनेक्शन धारी

महासमुंद शहर में लगभग 8 हजार 120 नल कनेक्शन धारी हैं। इसमें घरेलू कनेक्शन धारी 5350 और और नल जल योजना के तहत 2774 कनेक्शन धारी हैं। नल कनेक्शन से शहर की आधी आबादी को पानी मिलता है।

## जिपं सीईओ ने निर्माणाधीन पीएम आवासों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुवार को विकासखंड के ग्राम पंचायत मचेवा, बरोंडा बाज़ार एवं नवागांव में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण की वर्तमान स्थिति, सामग्री उपलब्धता तथा निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधूरे या निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रमुख पात्रता, किस्तों का भुगतान प्रक्रिया, आवास पूर्णता की शर्तें तथा आवश्यक दिशानिर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों का चयन सुनिश्चित करने दिशा-निर्देश दिए तथा लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नंदनवार ने आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्कूल तथा सामुदायिक शौचालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों के पोषण व शिक्षा-संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली और स्कूल में उपस्थिति, शिक्षण गुणवत्ता व मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया एवं आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जन चौपाल और निरीक्षण में सरपंच, सचिव, आवास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फांसी पर मिली युवक की लाश

**महासमुंद।** बसना के वार्ड -11 फोकटपारा निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सूरज यादव (18) हमाली करता था। घर में वह रोज गाली -गलौज करता था। जिससे परिवार उससे अलग रहने लगा था। बताया गया कि वह पिछले कुछ समय से अकेले अपने घर में रह रहा था। दो माह पूर्व उसकी मां की मृत्यु हो गई थी, सूरज यादव के रोज-रोज शाम को गाली -गलौज करने से तंग आकर उसके पिता सुंदर यादव बेटियों के साथ सांई विहार में किराए के मकान में रहते थे। जबकि सूरज अपने मकान में अलग रहता था। गुरुवार दोपहर तक जब सूरज घर से बाहर नहीं निकला तो उसका भांजा राजू यादव उसे देखने पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने पड़ोसी के घर से पीछे जाकर झांका, तो देखा कि सूरज ने म्यार में गमछे से फांसी पर लटका है। उसने तुरंत मोहल्लेवासियों व परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद सूरज को मृत घोषित कर दिया। बसना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## सतनामी समाज का धरना प्रदर्शन



**महासमुंद।** कथा वाचक आशुतोष चैतन्य द्वारा सतनामी समाज पर की गई टिप्पणी पर आपत्ती दर्ज कराते हुए सतनामी समाज जनों ने सिटी कोतवाली में एफआईआर एवं जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान समाज के अध्यक्ष सहित भारी संख्या में युवा थाने के समक्ष धरना में बैठे रहे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का दिवाली मिलन आज

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक के समस्त प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों का दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन 15 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड महासमुंद में किया गया है। उक्त जानकारी एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष माधवराव टांकसाले ने दी है।

## जनजातीय गौरव दिवसः भगवान बिरसा मुंडा की जयंती आज

**महासमुंद।** जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्य आयोजन जिला पंचायत महासमुंद सभागार में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर 3.15 बजे से 4 बजे तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी, उनके संघर्षों तथा जनजातीय समाज के उत्थान में उनके अमूल्य योगदान पर केंद्रित विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें जनजातीय समाज के उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

## भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में जनजातीय समुदायों का बड़ा योगदान : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में जनजातीय समुदायों का बड़ा योगदान है, जिन्होंने राष्ट्र के इतिहास और विकास के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ब्रिटिश शासन की शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ बिरसा मुंडा के नेतृत्व में उलगुलान महान क्रांति का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इसी कारण जनजातीय समुदाय में बिरसा मुंडा भगवान के रूप में पूजनीय हैं। समाज एवं राष्ट्र के प्रति इनके योगदान को सम्मान देते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2021 में बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।



उपरोक्त बातें भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में रूपकुमारी चौधरी, येतराम साहू, प्रीतम दीवान व थानसिंह दीवान ने कहीं।

### गनेकेरा और फोटापारा में अवैध धान जब्त

**बसना।** शुक्रवार को ग्राम गनेकेरा व फोटापारा में कलेक्टर के सख्त निर्देश पर एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की गई। बसना मंडी की टीम के सहयोग से नित्या भोई के यहां 112 पैकेट धान जब्त किए गए। फोटापारा में साखाराम साव के यहां 58 पैकेट जब्त की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह धान अवैध रूप से खपाने की तैयारी में रखा गया था। इन दिनों प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन और खपत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभागीय अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहीं, कुछ बिचौलिए किसानों का सहारा लेकर धान को गलत तरीके से खपाने के प्रयास में सक्रिय हैं, जिसे रोकने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध धान खरीदी, बिक्री या भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।






## खबर संक्षेप



### मोंहदा स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में 14 नवंबर 2025 को बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर खेल व एफएलएन आधारित शिक्षण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा गणित, पर्यावरण, भाषा व स्वच्छ भारत अभियान पर चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पालकों ने उपस्थित होकर बच्चों के प्रदर्शन को देखा, सराहा व बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी ली व बच्चों की हाजिरजवाबी से प्रसन्न हुए। इस अवसर पर पालकों में विशेष रूप से बैजंती यादव, सत्या यादव, कुसुमलता यादव, ममता ध्रुव, सावित्री गोस्वामी तथा प्रधान पाठक डीएल साहू, सहायक शिक्षक एसएस पटेल व चंद्रकांति ठाकुर का विशेष योगदान रहा।



### श्याम स्कूल में हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** शहर के श्याम विद्या मंदिर, उमावि एवं श्याम इंग्लिश मीडियम स्कूल में 14 नवम्बर बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, रस्सीकूद, कुर्सी दौड़, बौद्धिक परीक्षण खेल, एफएलएन प्रतियोगिता एवं सामूहिक नृत्य विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर कक्षाओं के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गीतांजली यादव एवं अग्रिमा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संस्थापक हेमंत चन्द्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह प्रधानाचार्य, मीना राजपूत, शिक्षकगण अमित लामा, योगिता यादव, कीर्ति यादव, ऐश्वर्या साहू एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी मीना राजपूत ने दी।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद की बैठक 16 नवंबर रविवार को प्रातः 10 बजे स्थान गुरुगोविंद सिंह उद्यान बीटीआई रोड महासमुंद में आहूत की गई है। बैठक में आगामी प्रांतीय बैठक एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा किया जाएगा। कर्मचारियों बैठक में अधिक से अधीक संख्या में उपस्थित होने की अपील है।

## निधन

### भगत राम साहू



**बिरकोनी।** ग्राम लभराकला निवासी भगत राम साहू (66) का देहांत 10 नवंबर सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बुधियारिन बाई साहू के पति व गायत्री साहू, पूर्णिमा साहू, त्रिवेणी साहू, राधिका साहू के पिता थे।






# खाड़ादरहा का स्कूल भवन जर्जर टीन शेड के नीचे हो रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले के बागबाहरा विखं के ग्राम खाड़ादरहा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर व दयनीय है। यह पिछले कई महीनों से बच्चों की पढ़ाई टिन शेड के नीचे हो रही है। यहां कक्षा पहली से पांचवी तक की कक्षाएं इसी अस्थायी टिन शेड में संचालित की जा रही है। वही स्कूल में सिर्फ एक ब्लैक बोर्ड और दो शिक्षक है। यहां कुल 35 बच्चे दर्ज है। शिक्षण कार्य के लिए दो शिक्षक पदस्थ है। लेकिन, पूरी स्कूल सिर्फ एक अस्थायी ब्लैक बोर्ड है, जो किसी तरह टिका हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन बीते तीन साल से जर्जर स्थिति में है। जिसके चलते विभाग ने इसे जर्जर घोषित कर दिया है। भवन की छत काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने विरोध किया था और ताला जड़कर आक्रोश जताया था। इस साल के सितंबर 2025 में स्कूल की खराब हालत को देखते हुए पालकों



व ग्रामीणों ने ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया था। सूचना मिलते ही ब्लाक शिक्षा अधिकारी सहायक एबीओ और संकुल समन्वयक मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि नये भवन जल्द स्वीकृत किया जायेगा और इसके लिए 13 लाख 72 हजार रुपए प्रस्ताव भी तैयार किया गया। लेकिन, अब तक स्वीकृति नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। शिक्षा विभाग ने यह प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी अब तक नये भवन की स्वीकृति को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द नई भवन का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने में बाध्य होंगे। टिन शेड के नीचे बैठकर पढ़ाई कर रहे बच्चों की यह तस्वीर न केवल सिस्टम की लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत बयां कर रही है।

## विडंबना : बिजली समस्याओं को लेकर परेशान है नर्रा क्षेत्र के ग्रामीण

# उद्घाटन के सात साल बाद भी नहीं खुला कनिष्ठ यंत्री के दफ्तर का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सात साल पहले उद्घाटित हुए कनिष्ठ यंत्री कार्यालय में आज भी ताला लटक रहा है। साल 2017 में नर्रा में इस कार्यालय के उद्घाट के बाद से ग्रामीण इसके खुलने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन, आज 7 बाद भी कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं से क्षेत्रवासी वंचित हैं।

उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन विधायक चुन्नीलाल साहू के हाथों नर्रा में विद्युत वितरण केंद्र के लिए कनिष्ठ यंत्री विद्युत के कार्यालय का उद्घाटन हुआ था, जिसमें कार्यपालन यंत्री से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तक शामिल थे। उद्घाटन के दिन ही कार्यालय खुलने के बाद से अब तक ताला लगा हुआ है।



क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किए जाने पर लगभग 6 माह पूर्व विद्युत संविकरण केंद्र नर्रा के लिए नीरज देवांगन की पोस्टिंग की गई। उच्च अधिकारियों के संरक्षण के चलते उक्त कर्मचारी नर्रा कार्यालय के बजाय कोमाखान कार्यालय में बैठकर अपना काम कर रहे हैं। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधित अनेक समस्याएं हो रही है। लाइन बंद की शिकायत, लो वोल्टेज सुधार, बिल सुधार, बिल भुगतान, नया कनेक्शन लेना जैसे अनेक कार्य के लिए कोमाखान, घोइना बाहरा जाना पड़ता है। परंतु, कनिष्ठ यंत्री देवांगन के कार्यालय में न बैठने की वजह से उपभोक्ताओं सामने और एक समस्या आ जाती है और देवांगन से मिलने कोमाखान तक की यात्रा करनी पड़ती है। जिससे उन्हें समय के साथ ही साथ आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है।

इस महीने की 7 तारीख को नर्रा में बिजली बिल की रीडिंग की गई थी। परंतु, 11/11 तक अपलोड ना होने की वजह से उपभोक्ताओं को बिजली बिल पटाने के लिए परेशान होना पड़ा। परेशान उपभोक्ता ने जब उनसे उनसे फोन पर संपर्क किया तो उनका कहना था कि कौन सा पहाड़ फूट गया, मशीन है, खराब हो जाती है। दो-चार रोज में अपलोड हो जाएगा। उपभोक्ता के यह कहने पर भी कि बिल पटाने की अंतिम तारीख 13 तारीख है, पर भी उपभोक्ता से अशिष्ट भाषा में बात करते रहे है अधिकारी। उपभोक्ताओं के समस्याओं को देखते हुए उच्च अधिकारियों को शीघ्र ही देवांगन को नर्रा विद्युत वितरण केंद्र के कार्यालय में बैठने की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई है। ताकि, विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधा से उपभोक्ता वंचित न रह जाए।

# वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

- हेलमेट की अनिवार्यता पर दिया जोर पुलिस और बीएससीपीएल ने चलाया साझा सड़क सुरक्षा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात को सुरक्षित बनाने की दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर पुलिस और टोल प्लाजा टीम ने संयुक्त रूप से एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। यह पहल एसडीओपी ललिता मेहर और टोल प्रबंधन के मैनेजर पवन प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में संचालित की गई।

अभियान का नेतृत्व कंट्रोल रूम एग्जीक्यूटिव नवीन सैनी ने किया, जिन्होंने अपनी हाईवे टीम के साथ पुलिस को सक्रिय सहयोग दिया। टीम ने राजमार्ग पर गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस संबंध में एसडीओपी ललिता मेहर ने कहा कि सड़क दुघर्टना में उन्होंने अपने करीबियों को खोया है, इसलिए इस दर्द को वे बेहतर समझती है और चाहती है कि कोई और अपने परिजनों को न खोए इसलिए बिना हेलमेट यात्रा करने के गंभीर खतरों से अवगत कराने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही साथ गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले हादसों के बारे में चेताया गया। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार से होने वाले दुर्घटनाओं और जोखिमों पर जागरूक किया गया।

टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह ने बताया कि पंपलेट बांटकर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के उपाय बताए गए। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर चालान की कार्रवाई भी की गई, जिससे सड़क पर अनुशासन और जागरूकता दोनों का संदेश दिया जा सके। यह संयुक्त प्रयास रहा।

# टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीज़न-1 का शुभारम्भ 15 नवंबर से मिनी स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी का अनावरण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं इंद्रजीत सिंह गोल्डी मुख्य आयुक्त स्काउड गाइड छत्तीसगढ़ के हाथों किया गया। प्रतियोगिता में महासमुंद की 8 स्कूलों की क्रिकेट टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। साथ ही तीसरे स्थान में आने वाली टीम को भी ट्रॉफी दी जाएगी। यह प्रतियोगिता पूरे जिले की एकमात्र स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशांत श्रीवास्तव पूर्व युवा आयोग सदस्य, शरद राव, डॉ शबाब कुरैशी एनआईएस क्रिकेट कोच और संचालक टर्मिनेटर इंटेरनेशनल क्रिकेट एकेडमी एवं जमशेद अख़्तर कोच टर्मिनेटर इंटेरनेशनल क्रिकेट महासमुंद उपस्थित रहे।



स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह गोल्डी ने कहा कि टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी जैसे आयोजन न सिर्फ खेल प्रतिभाओं को अवसर देते हैं, बल्कि बच्चों में नेतृत्व, अनुशासन, टीमवर्क और नैतिक मूल्यों का भी विकास करते हैं।

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी संस्थापक डॉ. शबाब कुरैशी ने कहा कि हम महासमुंद में क्रिकेट के स्तर को लगातार बेहतर बनाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाए और बेहतर क्रिकेट प्रदान करने का प्रयास कर रहे है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अनुशासन, टीमवर्क और जीत की असली भावना सिखाते हैं। हमारा लक्ष्य है महासमुंद के हर बच्चे तक पेशेवर क्रिकेट को पहुंचाना है।

### वैष्णव महासभा का सम्मेलन 6 से

**खल्लारी।** छग वैष्णव महासभा महासमुंद जिला द्वारा धार्मिक पर्यटन स्थल खल्लारी में 6 एवं 7 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय वैष्णव परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। समाज के जिला सचिव रमनदास वैष्णव ने बताया कि 6 दिसंबर को दोपहर 12:30 से 2 बजे तक दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन, वैष्णव मंडल खल्लारी के पदाधिकारी व कार्यकारिणी की बैठक। दोपहर 2:30 से 4 बजे छग वैष्णव महासभा जिला महासमुंद कार्यकारिणी, पदाधिकारियों की बैठक। शाम 4:30 बजे 7 बजे वैष्णव महासभा प्रांतीय पदाधिकारियों, युवा समिति, महिला समिति की बैठक। 7 से 9 बजे संध्या आरती। रात्रि 9 से 11 बजे सांस्कृतिक गतिविधियों पर आयोजन होगा। वहीं द्वितीय दिवस रविवार 7 दिसंबर को 9 से 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन। सुबह 10 से 12 बजे वैष्णव समाज के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत उद्बोधन। दोपहर 12 से 1:30 जनप्रतिनिधियों का स्वागत, उद्बोधन। दोपहर 3:30 बजे 5 बजे सम्मान समारोह होगा। इस दौरान प्रमुखता से 60 वर्षों से ऊपर समस्त वैष्णव परिवार के नारी शक्ति व वरिष्ठजनों का सम्मान, वैष्णव पुजारियों व भगवताचार्यों, मेधावी छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों एवं वैष्णव शासकीय सेवकों का सम्मान भी किया जाएगा।

# बाल दिवस पर शिक्षकों ने कराया न्योता भोज

## स्वामी आत्मानंद नयापारा में मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाल दिवस पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर नगर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नयापारा में प्राचार्य अमी रूफस के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से शुरू हुआ, जिसमें प्रार्थना विशेष रहा। जिसमें छात्र परिषद की भूमिका में संस्था के शिक्षक शिक्षिका नजर आए। प्राचार्य की भूमिका में शाला नायिका सृष्टि साहू, शाला नायक की भूमिका में प्रमोद कुमार कन्नौजे, शाला नायिका के रूप में संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, अनुशासन प्रभारी के रूप में जीआर टांडेकर एवं अन्य सभी शिक्षक छात्र-परिषद की भूमिका में मंच पर परफार्मेंस किया। बच्चों की भूमिका में शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसे सभी छात्रों ने खूब स्वागत किया।

इस अवसर पर शाला में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्लो सायकल रेस बालक बालिका, कुर्सी दौड़, अंताक्षरी, बस स्टाप गेम, खुला मंच के अंतर्गत कक्षा 10वीं की छात्रा आस्था पटनायक ने डांस




प्रस्तुत किया। ग्रुप सांग, डाज बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भरपूर आनंद उठाया। दोपहर लंच में सभी शिक्षकों द्वारा शाला के सभी 339 छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। छात्रों को चांवल, दाल, पूरी, सब्जी, गुलाब जामुन परोसा गया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक प्रियंका पीटर, विकास यादव, डा. शशबीर कौर संधु, मितेश शर्मा, तृषा शर्मा, राधिका जोशी, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनिदेव सिंह ठाकुर, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, ध्रुति श्रीवास्तव, ऋतुराज देवांगन, अंशुमाला बारिक, अंजू चंद्राकर, प्रेम यादव, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. शशबीर कौर संधु, राधिका जोशी, आकांक्षा जैन एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

# किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने जिले के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रहने, गिरदावरी में गलती से अपात्र में सुधार करने और धान खरीदी की राशि किसानों के अन्य व्यक्तिगत खाते में भेजने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मांग पत्र में कहा कि जिले में एग्रोस्टेक पोर्टल में खराबी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, जिस कारण किसान धान नहीं बिकने की समस्या से चिंतित हैं। लाखों किसानों का गिरदावरी में पंजीयन हुआ है, लेकिन कुछ गड़बड़ी के कारण किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। साथ ही धान खरीदी के बाद किसानों की खरीदी की राशि को-ऑपरेटिव बैंक में आती है, जिससे वहां अनावश्यक भीड़ रहती है।

# आईटीआई में छग राज्य के रजत जयंती महोत्सव पर हुए विविध आयोजन, प्रशिक्षणार्थियों की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के तहत आईटीआई में 10 से 14 नवंबर तक विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के प्रशिक्षणार्थियों ने इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, लोकगीत, भाषण, तकनीकी प्रदर्शन और चित्रकारी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य जीएस साहू ने कहा कि इस महोत्सव में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कला और विचारों को व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, प्रगति और भविष्य के दृष्टिकोण को जीवंत कर दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर एक अद्भुत कलात्मक ऊर्जा और उत्सव का माहौल देखने को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया, द्वितीय तारिणी, तृतीय मनीषा, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भारत, द्वितीय चंद्रहास, तृतीय देवेश, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तोनाक्षी, द्वितीय थनीषा, तृतीय केशव, तकनीकी प्रदर्शन प्रतियोगिता में प्रथम आईसीटीएसएम जूनियर ट्रेड, द्वितीय वेल्डर ट्रेड, तृतीय कोपा ट्रेड, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम डीएमसी ट्रेड द्वितीय आईसीटीएसएम ट्रेड, तृतीय सर्वेयर जूनियर ट्रेड ने स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक वायपी ध्रुव ने सभी प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों की सराहना और उनकी मेहनत की प्रशंसा कर आभार व्यक्त की। इस अवसर पर संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे।

